भारत सरकार Government of India
अंतरिक्ष विभाग Department of Space
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन Indian Space Research Organisation
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद Ahmedabad -380 015

विज्ञापन सं. /ADVERTISEMENT NO.: सैक SAC:03:2017 –दिनांकित/ Dated: 21/10/2017

भाग PART –I (पदकोड Post Codes – 01 से to 20)

ऑनलाइन आवेदन के लिए साइट दि. **23/10/2017** के 0900 बजे से 17/**11/2017** के 1730 बजे तक खुली रहेगी।

Site will remain open from 0900 hours of 23/10/2017 to 1730 hours of 17/11/2017

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अंवि) का एक अग्रणी केंद्र है। सैक राष्ट्रीय विकास हेतु इसरो के स्थलीय एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्षवाहित यंत्रों को डिजाइन और राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का विकास तथा प्रचालन करता है। इन अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नौवहन, आपदा निगरानी, मौसमविज्ञान, समुद्रविज्ञान, पर्यावरण निगरानी तथा प्राकृतिक संसाधन सर्वेक्षण शामिल हैं। सैक संचार उपग्रहों की इन्सैट और जीसैट श्रृंखला के लिए प्रेषानुकर तथा भू-प्रेक्षण उपग्रहों की आईआरएस श्रृंखला हेतु प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग संवेदकों को डिजाइन तथा विकसित करता है। साथ ही सैक भू-ट्रांसमिट व अभिग्रहण प्रणालियों तथा डाटा/ प्रतिबिंब प्रसंस्करण प्रणालियों का विकास भी करता है। सैक के पास इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल संविरचन, पर्यावरणीय परीक्षणों तथा प्रतिबिंब प्रसंस्करण व विश्लेषण हेतु उच्च आधुनिक नीतभार डिजाइन एवं समाकलन प्रयोगशालाएं हैं। सैक एशिया प्रशांत क्षेत्र के वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं को संयुक्त राष्ट्र-सीएसएसटीईएपी के नौ माह के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on design of space borne instruments for terrestrial and planetary missions of ISRO and development and operationalisation of space technology for societal benefits. The applications cover communication, broadcasting, navigation, disaster monitoring, meteorology, oceanography, environment monitoring and management of natural resources. All the transponders for the INSAT and GSAT series of communication satellites and the optical and microwave sensors for IRS series of earth observation satellites are designed and developed at SAC. Further, SAC develops ground transmit and receive systems and data / image processing systems. SAC has highly sophisticated payload design & integration laboratories, facilities for electronic & mechanical fabrication, environmental tests and image processing & analysis. SAC is also actively involved in imparting training to scientists and engineers of the Asia Pacific region through the nine months PG diploma programs of the UN-CSSTEAP.

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हेतु, सैक ने कृषि, वानिकी, समुद्रतट अंचल प्रबंधन, शहरी नियोजन, हिम एवं हिमनद अध्ययन, समुद्रविज्ञान एवं वायुमंडलीय अध्ययनों के क्षेत्र में अग्रगण्य योगदान दिया है। सैक ने बहु-अभिकरण फसलसॉफ्ट परियोजना के अंतर्गत बड़ी फसलों के उत्पादन के पैदावार पूर्व अनुमान, ओसीएम एवं अन्य उपग्रह डाटा का उपयोग करते हुए संभावनायुक्त मत्स्यन क्षेत्र के पूर्वानुमान तथा प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग सुदूर संवेदन डाटा का उपयोग करते हुए हिमालयवर्ती हिमनदों एवं हिमाच्छादन के अध्ययन और समुद्रतटीय क्षेत्रों की निगरानी हेतु संकल्पना एवं तकनीकी विकसित की है। दिशा एवं भूमि-आपतन के मानदंडों में चक्रवातों के अनुवर्तन हेतु पद्धतिविज्ञान विकसित किया है और इनका उपयोग हाल ही में

चक्रवातों के लिए किया गया है। समुद्र सतह तापमान, पवन गति, तरंग तुंगता आदि जैसे समुद्री प्राचलों के साथ जल वाष्प, मेघ तरल जल मात्रा, आदि जैसे वायुमंडलीय प्राचलों को निकालने के लिए कलनविधि भी विकसित की गई है।

For natural resource management, SAC has made pioneering contributions in the fields of agriculture, forestry, coastal zone management, urban planning, snow & glacier studies, oceanography & atmospheric studies. SAC has developed concept and techniques for pre-harvest estimation of production of major crops, forecasting of potential fishing zones using OCM and other satellite data, studies of Himalayan glaciers & snow cover and monitoring of coastal zones using optical as well as microwave remote sensing data. Methodology for tracking cyclones in terms of intensity, direction and land falls has been developed and used for recent cyclones. Algorithms have also been developed to derive ocean parameters like sea surface temperature, wind speed and wave heights as well as atmospheric parameters such as water vapour and cloud liquid water content.

इन्सैट-3डी/3डीआर, स्कैटसैट,ओशनसैट- II, कार्टोसैट श्रृंखला आरआईसैट, रिसोर्ससैट-2, चंद्रयान-1, मॉम इत्यादि सहित विद्यमान भारतीय उपग्रह मिशनों और भविष्य के मिशनों जैसे जीआईसैट, निसार से प्राप्त डाटा के उपयोग के लिए अनुप्रयोग विकसित करने पर वर्तमान में विशेष बल दिया जा रहा है।

Present thrust areas for applications are towards utilization of data from existing Indian satellite missions including INSAT-3D/3DR, Scatsat, Oceansat-II, Cartosat series, RISAT, Resourcesat-2, Chandrayaan-1, MOM etc and future missions like GISAT, NISAR etc.

सैक, इसरो वैज्ञानिक अभिवृत्ति रखने वाले प्रतिभावान अभ्यर्थियों को **कनिष्ठ अनुसंधान कर्ता (जेआरएफ)/ अनुसंधान सहयोगी (आरए)** को प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण, समुद्र, वायुमंडल तथा ग्रहीय विज्ञान संबंधी अध्ययनों से संबंधित बहु कार्यक्षेत्रों में कार्य करने के लिए नियुक्त करना चाहता है।

SAC, ISRO is looking forward to engage bright candidates with scientific aptitude to work as **Junior Research Fellows (JRF)/ Research Associates (RA)**in multi-disciplinary fields related to Natural Resources, Environment, Ocean, Atmosphere and Studies related to Planetary Sciences.

सैक, **कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता (जेआरएफ) और अनुसंधान सहयोगी (आरए)** के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है**:**

SAC invites on-line applications for position of **Junior Research Fellows (JRF) and Research Associates (RA):**

1. कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता (जेआरएफ)Junior Research Fellows (JRF):

अभ्यर्थी को एनईटी या समतुल्य अर्हता के साथ निष्णात डिग्री प्राप्त होनी चाहिए। अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ संस्थान से 65% **या अधिक** अंकों के साथ प्रथम श्रेणी (सभी सेमिस्टरों/वर्षों का औसत) प्राप्त होनी चाहिए अथवा10 या समानांतर पैमाने पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग प्राप्त होनी चाहिए।

Candidates should have Master's degree with NET or equivalent qualification. Candidates should have First Class with 65% marks or above (Aggregate of all Semesters / Years) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 scale or equivalent from recognized University/Institution.

संपूर्ण शिक्षणकाल के दौरान विज्ञान विषय में अथवा इंजीनियरिंग शिक्षा के दौरान अभ्यर्थी का शैक्षिक रिकोर्ड अच्छा होना चाहिए।

Candidates should have good academic record and education throughout in Science or Engineering Stream.

पद कोड **Post Code**	पद की सं. **No. of Posts**	विशिष्ट विषय के साथ अनिवार्य अर्हता **Essential Qualifications with Subject Specialisation**
01	4	**भौतिकी समुद्र विज्ञान/ समुद्र विज्ञान में एम.एससी अथवा एम.ई/एम.टेक। अभ्यर्थी द्वारा स्नातक स्तर पर भौतिकी अथवा गणित का अध्ययन किया होना चाहिए।** M.Sc. or M.E./M.Tech.in Physical Oceanography / Oceanography. Candidates should have studied physics or Mathematics at Graduation level.
02	5	**वायुमंडलीय विज्ञान/मौसम विज्ञान में एम.एससी अथवा एम.ई/एम.टेक** M.Sc. or M.E./M.Tech. in Atmospheric Sciences/ Meteorology.
03	7	**भूभौतिकी या अनुप्रयुक्त भूभौतिकी अथवा समुद्री भूभौतिकी में एम.एससी या एम.ई/एम.टेक** M.Sc. or M.E./M.Tech. in Geophysics or Applied Geophysics or Marine Geophysics.
04	5	**भूविज्ञान अथवा अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में एम.एससी अथवा एम.ई/एम.टेक** M.Sc. or M.E./M.Tech. in Geology or Applied Geology.
05	15	**भौतिकी में एम.एससी** M.Sc. in Physics
06	3	**गणित अथवा अनुप्रयुक्त गणित में एम.एससी** M.Sc. in Mathematics or Applied Mathematics
07	2	**कृषि मौसमविज्ञान या कृषि भौतिकी में एम.एससी** M.Sc. in Agricultural Meteorology or Agricultural Physics
08	2	**सस्यविज्ञान या बागवानी में एम.एससी** M.Sc. in Agronomy or Horticulture
09	2	**समुद्री जैविकी या जलीय जैविकी या समुद्री मात्स्यिकी या मात्स्यिकी संसाधन प्रबंधन या मात्स्यिकी जलविज्ञान में एम.एससी** M.Sc. in Marine Biology or Aquatic Biology or Marine Fisheries or Fisheries Resource Management or Fisheries Hydrography
10	1	**वानिकी में एम.एससी** M.Sc. in Forestry
11	1	**पारिस्थितिकी में विशेषज्ञता के साथ जीव विज्ञान में एम.एससी** M.Sc. in Botany with specialisation in Ecology.
12	7	**भूसूचना /सुदूर संवेदन में एम.एससी अथवा एम.ई/एम.टेक् । अभ्यर्थी को कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक / स्नातक डिग्री प्राप्त होनी चाहिए।** M.Sc. or M.E./M.Tech.inGeoinformatics / Remote Sensing. The candidates should have Bachelor's degree/Graduation in Computer Science / Computer Engineering / Information Technology / Computer Applications.
13	2	**जल संसाधन/जल विज्ञान/मृदा और जल इंजीनियरिंग में एम.टेक या एम.ई। अभ्यर्थी का विज्ञान/इंजीनियरिंग प्रवाह में अच्छा शैक्षणिक रिकॉर्ड होना चाहिए।** M. Tech. or M.E. in Water Resources/ Hydrology/Soil and Water Engineering. Candidates should have consistent good academic record in Science/Engineering Stream.

14	2	**कंप्यूटर साइंस में एम.एससी या एम.टेक या एम.ई। अभ्यर्थी को कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर अनुप्रयोग में बैचलर डिग्री/स्नातक होना चाहिए।** M.Sc. or M.Tech. or M.E. in Computer Science. The candidate should have Bachelor's degree/Graduation in Computer Science / Computer Engineering / Information Technology / Computer Applications.

2. अनुसंधान सहयोगी (आर ए):

विज्ञान/इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट या समतुल्य डिग्री अथवा विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोधपत्र के साथ एम.ई/एम.टेक के बाद अनुसंधान, शिक्षण और डिजाइन विकास में 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से संबद्ध विषय में 60% या अधिक के साथ प्रथम श्रेणी (सभी सेमिस्टरों/वर्षों का औसत) अथवा 10 के पैमाने पर 6.5 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग)

Research Associates (RA): Doctorate or equivalent degree in Science/Engineering/Technology or having 3 years of research, teaching and design development experience after ME./M.Tech.with at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) journal. (First Class with 60% marks or above (Aggregate of all Semesters / Years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 scale from recognized University/Institution in the relevant subject).

पद कोड **Post Code**	पदों की सं. **No. of Posts**	**विषय विशेषज्ञता के साथ अनिवार्य अर्हता Essential Qualifications with Subject Specialisation**
15	5	**भौतिकी/वायुमंडलीय विज्ञान/ भौतिकी समुद्रविज्ञान में पीएचडी तथा संख्यात्मक मौसम/ समुद्र मॉडल/ उपग्रह उपयोजन तकनीक में अनुसंधान का अनुभव होना चाहिए।** Ph.D. in Physics/Atmospheric Sciences/ Physical Oceanography with research experience in Numerical Weather/ Ocean Models/ Satellite Retrieval Techniques. **अथवा or** **भौतिकी/वायुमंडलीय विज्ञान/ भौतिकी समुद्रविज्ञान में एम.ई/एम.टेक तथा सांख्यकीय मौसम/समुद्र मॉडल/ उपग्रह उपयोजन तकनीक में 3 वर्ष का अनुसंधान अनुभव और विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल) में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होना चाहिए।** M.E./M.Tech. in Physics / Atmospheric Sciences / Physical Oceanography with 3 years research experience in Numerical Weather/Ocean Models / Satellite Retrieval Techniques and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) Journal.

16	4	**भौतिकी में पीएच.डी तथा उपग्रह आधारित प्राचलों/उपग्रह डेटा अंशांकन और वैधीकरण के उपायोजन का अनुभव** Ph.D. in Physics with experience in retrieval of satellite based parameters / satellite data calibration and validation. **अथवा or** भौतिकी में एम.ई/एम.टेक तथा उपग्रह आधारित प्राचलों/उपग्रह डेटा अंशांकन तथा सत्यापन के उपयोजन का न्यूनतम 3 वर्ष अनुभव तथा विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होना चाहिए। M.E./M.Tech. in Physics with minimum 3 years experience in retrieval of satellite based parameters / satellite data calibration and validation and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) Journal.
17	1	**भूविज्ञान/भूभौतिकी में पीएच.डी तथा सुदूर संवेदन डेटा का उपयोग कर भूविज्ञान अध्ययन में अनुभव** Ph.D. in Geology/Geophysics with experience in Geoscience studies using Remote Sensing Data. **अथवा or** **भूविज्ञान/भूभौतिकी में एम.ई./एम.टेक के साथ सुदूर संवेदन डेटा का प्रयोग कर भू-विज्ञान अध्ययन में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव और** विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होना चाहिए। M.E./M.Tech.in Geology / Geophysicswith minimum 3 years experience in Geoscience studies using Remote Sensing Data and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) Journal.
18	1	**जल संसाधन/जलविज्ञान/मृदा और जल इंजीनियरिंग में पीएच.डी के साथ जल संसाधन में अनुभव** Ph.D. in in Water Resources/ Hydrology/Soil and Water Engineering with experience in water resources. **अथवा or** **जल संसाधन/जल विज्ञान/मृदा और जल इंजीनियरिंग में एम.ई/एम.टेक के साथ न्यूनतम 3 वर्ष का अनुसंधान अनुभव एवं** विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होना चाहिए। M..E./M.Tech. in Water Resources/ Hydrology/Soil and Water Engineering with minimum 3 years research experience and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) Journal.
19	2	**भू-सूचना में पीएच.डी के साथ उपग्रह डेटा का प्रयोग करते हुए भू या जल संसाधन या निम्नतापीय अनुप्रयोग का अनुसंधान अनुभव** Ph.D. in Geoinformatics with research experience in land or water resources or cryosphere Applications using satellite data. **अथवा or** **भूसूचना/सुदूर संवेदन और जीआईएस में एम.ई/एम.टेक के साथ उपग्रह डेटा का प्रयोग कर भूमि या जल संसाधन या निम्नतापीय अनुप्रयोग में**

		कम से कम 3 वर्ष का अनुसंधान अनुभव और विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होना चाहिए। M.E./M.Tech. inGeoinformatics/Remote Sensing and GIS with minimum 3 years research experience in land or water resources or cryosphere Applications using satellite data and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) Journal.
20	1	**भूसूचना में पीएच.डी के साथ भू-सूचना प्रणाली अनुप्रयोग का अनुभव** Ph.D. in Geoinformatics with experience in applications of Geo-informatics. **अथवा or** **भूसूचना में एम.ई/एम.टेक और भू-सूचना अनुप्रयोग में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव । अभ्यर्थी को कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर अनुप्रयोग में बैचलर डिग्री/स्नातक होना चाहिए और विज्ञान उद्धरण सूची (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होना चाहिए।** M.E. /M.Tech. inGeoinformatics having minimum 3 years of experience in applications of Geo-informatics. The candidate should have Bachelor's degree/graduation in Computer Science / Computer Engineering / Information Technology / Computer Application and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) Journal.

नोट NOTE:

1) ऊपर दर्शायी गई पदों की संख्या अनंतिम हैं तथा वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इनमें परिवर्तन हो सकता है।Number of posts indicated above are provisional and may vary depending on the actual requirement.
2) अंकों को राउंडिंग-ऑफ करने की अनुमति नहीं है।Rounding-off marks is not allowed.
3) सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जो लैंगिक संतुलन दर्शाता हो अतः महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
Government Strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.

आयु सीमा Age Limit:

दिनांक 17/11/2017 तक (आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि) कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता की अधिकतम आयु सीमा 28 वर्ष है और अनुसंधान सहयोगी की अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है परंतु अ.जा./अ.ज.जा.के मामले में 5 वर्ष और अ.पि.व.के मामले में 3 वर्ष की छूट प्राप्त है। विकलांग व्यक्ति भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयुसीमा में छूट के पात्र होंगे। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार पूर्व सैनिक, विकलांग व्यक्तियों को आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

Maximum Age **28 years** for **Junior Research Fellows** and Maximum Age **35 years for Research Associates** as on 17/11/2017 (closing date of receipt of applications) but relaxable by 5 years in case of SC/ST and 3 years in case of OBC candidates. Persons with Disabilities are eligible for age relaxation as per Government of India orders. Age relaxation as per Government of India orders are applicable to Ex-Servicemen, Persons with Disabilities (PWD).

परिलब्धियाँ और अन्य लाभ **EMOLUMENTS & OTHER BENEFITS:**

अध्येतावृत्ति राशि (जेआरएफ) **Fellowship amount (JRF)**	**प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में ₹ 25000/- प्रति माह** **For 1st & 2nd year ₹ 25000/-. Per month** **अनुवर्ती वर्षों हेतु ₹ 28000/- प्रति माह** **For the subsequent years ₹ 28000/- Per month**
अनुसंधान एसोशिएटशीप राशि (आरए) **Research Associateship amount (RA)**	**अनुसंधान सहयोगी- I ₹ 36000/-. प्रति माह** **Research Associate - I ₹36000/-. Per month** **अनुसंधान सहयोगी- II ₹ 38000/-. प्रति माह** **Research Associate – II ₹38000/-. Per month** **अनुसंधान सहयोगी- III ₹ 40000/- प्रति माह** **Research Associate – III ₹40000/-. Per month**

चयन समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के आधार पर एसोसिएटशिप राशि के उपर्युक्त ग्रेडों में से एक प्रदान किया जाएगा।
Candidates would be awarded one of the above grades of Associateship amount depending on their merit as assessed by the Selection Committee.

उपर्युक्त उल्लिखित फेलोशिप के अतिरिक्त, तैनाती के स्थान पर लागू निर्धारित दरों से एचआरए का भुगतान किया जाएगा और विद्यमान नियमावली के अनुसार मात्र स्वयं के लिए चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। इस हेतु मूल वेतन के रूप में फेलोशिप राशि ली जाएगी। जेआरएफ मात्र आकस्मिक छुट्टी के पात्र हैं । सभी महिला जेआरएफ को भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार मातृत्व छुट्टी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी नियमित कर्मचारियों को ग्राहय किसी अन्य लाभ और रियायतों के हकदार नहीं होंगे।
In addition to the above mentioned fellowship amount, HRA at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules. The fellowship amount shall be taken as Basic pay for this purpose. JRFs are eligible only for casual leave. Maternity leave as per Govt. of India instructions would be available to all female JRFs. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees. In addition to the above mentioned fellowship amount, HRA at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules. The fellowship amount shall be taken as Basic pay for this purpose. JRFs are eligible only for casual leave. Maternity leave as per Govt. of India instructions would be available to all female JRFs. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees.

आवेदन कैसे करें**HOW TO APPLY:**

आवेदन फार्म सैक वेबसाइटwww.sac.gov.in. पर उपलब्ध रहेगा।

आवेदन का पंजीकरण **मात्र ऑन-लाइन** किया जाए। पंजीकरण करने पर, आवेदक को एक ऑन**-लाइन पंजीयन संख्या** प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य मे संदर्भ हेतु ठीक प्रकार से संभाल कर रखें। ऑनलाइन आवेदन सारांश की एक विधिवत् हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी उचित कॉलम में रंगीन फोटोग्राफ चिपका कर अंक सूचियों तथा शैक्षिक अर्हताओं के सभी प्रमाणपत्रों, आयु साक्ष्य इत्यादि शंसापत्रों की प्रतियों के साथ

लिफाफे के सामने ऊपर की ओर विज्ञापन संख्या, पद कोड, पद का नाम तथा पंजीयन संख्या का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित पते पर मात्र डाक द्वारा भेज दें, ताकि वह 30/11/2017 तक पहुंच जाए। किसी प्रकार के डाक के विलंब के लिए केंद्र उत्तरदायी नहीं होगा।

The application form will be hosted in the SAC web-site www.sac.gov.in.
Application should be registered **online only**. Upon registration, applicants will be provided with an online Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. It is also mandatory to send hard copy of online application summary with signature and colour photograph pasted in the appropriate column along with attested true copies of the testimonials such as Mark sheets and certificates of Educational Qualification, Age Proof, etc. to the following address superscribing the Advertisement Number, Post Code, Name of the Post and Registration Number on the Front side of the cover and should reach on or before 30/11/2017 through post only. The Centre will not be responsible for any postal delay.

प्रशासन अधिकारी ADMINISTRATIVE OFFICER
भर्ती अनुभाग (पीजीए) RECRUITMENT SECTION (P & GA)
भवन संख्या 30-डी BUILDING NO. 30-D,
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो) SPACE APPLICATIONS CENTRE (ISRO),
आंबावाड़ी विस्तार पी.ओ. AMBAWADI VISTAR P.O.,
अहमदाबाद AHMEDABAD – 380 015 (गुजरात GUJARAT)

चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS:

निर्धारित अर्हता न्यूनतम अनिवार्यता है और उसके होने पर अभ्यर्थी स्वत: ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नही हैं। एक विधिवत गठित स्क्रीनिंग समिति, पदों के लिए प्राप्त आवेदनों को दिए गए पात्रता मानदंड के आधार पर जाँच करेगी तथा साक्षात्कार के लिए लघुसूचीयन किए जाने के लिए मानदंड निर्धारित कर सकती है। यदि अभ्यर्थी समतुल्य विशेषज्ञता का दावा करता है तो उसे अपने संस्थान/विश्वविद्यालय से यह प्रमाणपत्र लाना होगा कि वह विशेषज्ञता जिस पद के लिए आवेदन किया गया है उस पद के विज्ञापन में उल्लिखित विशेषज्ञता के समतुल्य है। इस पर अंतिम निर्णय स्क्रीनिंग समिति द्वारा लिया जाएगा। स्क्रीन-इन/लघुसूचीयन किए गए अभ्यर्थियों को चयन समिति के सम्मुख बुलाया जाएगा। केवल स्क्रीन-इन / शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार की सूचना दी जाएगी। **लघुसूचीयन किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र केवल ई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे।** लघुसूचीयन नही किए गए अभ्यर्थियों के साथ सैक किसी प्रकार का पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

The qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidates eligible to be called for interview. A duly constituted Screening Committee shall screen the applications received for the posts based on the given eligibility criteria and may fix criteria as it may consider necessary for shortlisting the candidates for interview. In case candidate is claiming equivalent specialization, he/she has to obtain certificate from his/her Institute/University stating that the specialization is equivalent to the one asked in the advertisement for the post applied for. Final decision on this will be taken by the Screening Committee. The screened-in/shortlisted candidates will be called for interview before the Selection Committee. Communication shall be sent only to the screened-in/shortlisted candidates. SAC will not entertain any correspondence on the issue of short-listing of candidates. **The call letters for the interview to the short-listed candidates will be sent only by e-mail.** No communication shall be made to the candidates who are not short-listed/Screened in.

सामान्य शर्तेंGENERAL CONDITIONS:

1. **मात्र भारतीय राष्ट्रीयता वाले आवेदन करें** Only Indian Nationals need to apply.

2. वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य जैसे कि रेलवे टिकट/टिकट नम्बर अथवा बस टिकट इत्यादि प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से रेलवे की द्वितीय श्रेणी के आने-जाने के किराए का भुगतान किया जाएगा। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय दस्तावेज के मूल साक्ष्य अपने आवेदन में दिए गए विवरण के अनुसार प्रस्तुत करने होंगे।

   Out-station candidates called for interview will be paid to and to and fro second class railway fare by the shortest route on production of proof of journey, such as the railway ticket number or bus tickets etc. The candidates will also have to produce documentary proof in original, of the details furnished in their application at the time of attending the interview.

3. मात्र उत्तीर्ण हो चुके अभ्यर्थी ही आवेदन करें। छात्र जो अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं वे आवेदन न करें।

   Only passed candidates are eligible to apply. Students awaiting for final result need not to apply.

4. चयनित अभ्यर्थी को सैक में नियुक्त किया जाएगा।The selected candidates shall be posted at SAC.

5. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को आवेदन में दिए गए सभी विवरणों के साक्ष्य के रूप में सभी संबंधित मूल दस्तावेज उनकी स्व-सत्यापित फोटो प्रतियों के साथ प्रस्तुत करने होंगे। जो अभ्यर्थी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में कार्यरत हैं उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी मूल **अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)** प्रस्तुत करना होगा । यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में असफल रहता है अथवा आवेदन में दी गई कोई सूचना गलत या असत्य पाई जाती है, तो अभ्यर्थी को साक्षात्कार में बैठने नहीं दिया जाएगा।

   Candidates called for interview will have to produce all relevant original documents in proof of details furnished in the application along with a set of self-attested photocopies. Candidates who are already employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings or Autonomous Bodies will also have to produce the **'No Objection Certificate'**, in original, at the time of interview. In case the candidate fails to produce any of the above documents or if any information furnished in the application is found to be wrong or false, the candidate will not be interviewed.

6. कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता प्रारंभ में **एक वर्ष** के लिए नियुक्त किया जाएगा और उनके काम के मूल्यांकन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता की नियुक्ति की अधिकतम अवधि पाँच वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है।

   Junior Research Fellows will be engaged initially for ONE YEAR and is extendable for further periods based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Junior Research Fellow shall not exceed FIVE years.

7. अनुसंधान सहयोगी को प्रारंभ में एक वर्ष के लिए कार्यरत किया जाएगा और उनके काम के आकलन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। अनुसंधान सहयोगी की नियुक्ति की अधिकतम अवधि तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
Research Associates will be engaged initially for ONE YEAR and it extendable for further period based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Research Associate shall not exceed THREE years.

8. चयनित जेआरएफ को मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी के लिए पंजीकृत करने और ऐसे संबंधित विषय का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे उसे तथा सैक को लाभ हो। हालांकि, पीएचडी अनुसंधान को पूरा करने के लिए उन्हें अतिरिक्त समय में कार्य करना होगा। पीएचडी कार्य के लिए कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी।
The selected JRFs are encouraged to register for PhD from recognized Universities and take up relevant research topic benefitting the individual and SAC. However, they have to work extra time to complete the PhD research. No leave is possible for Ph.D work.

9. सैक के पास फेलोशिप और एसोशिएटशिप के किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

SAC reserves the right not to fill all or any of the Fellowships and Associateships, if it so decides.

10. किसी भी प्रकार का अंतरिम पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा ।
No interim correspondence will be entertained.

11. आयु, अर्हता इत्यादि के लिए कटऑफ दिनांक 17/11/2017 होगी।
17/11/2017 will be cut-off date for all purposes like age, qualification, etc.

12. अनिवार्य अर्हता अर्जित करने के बाद ही निर्धारित अनुभव की गणना की जाएगी।
Stipulated experience will be reckoned only after acquiring essential qualification.

13. **किसी भी प्रकार का पक्षप्रचार करने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। CANVASSING IN ANY FORM WILL DISQUALIFY THE CANDIDATE**.

14. फोटो, हस्ताक्षर, अंकसूची, जाति/ श्रेणी प्रमाणपत्र जन्म तिथि का साक्ष्य, आदि, अनुभव प्रमाणपत्र के बिना वाले अपूर्ण आवेदन और आवेदन के उचित प्रारूप में न होने तथा अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को सीधे तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के डाक के विलंब के लिए यह संगठन उत्तरदायी नहीं होगा।
Incomplete applications like those without photograph, signature, mark-sheets, Caste/Category Certificate, Proof of Date of Birth, Experience Certificate, Application not in proper format and those received after due date will be rejected outright. Organisation is not responsible for Postal Services delay.

15. चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करना होगा।
Selected candidates will be required to join the post immediately on being found fit by the prescribed Medical Authority.

16. किसी प्रकार की कार्य /रिपोर्ट प्रकाशित किए जाने के पूर्व उपयुक्त प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए।

Clearance of appropriate authority will have to be taken before publishing any work/report.

17. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करे कि पात्रता मानदंडों तथा आवश्यकताओं को पूर्ण करता है तथा वह विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र में दिए गए अनुदेशों का अनुपालन करें। इसलिए, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़े और आवेदन पूर्ण रूप से भरकर इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार भेजें।

It is for the candidate to ensure that he / she fulfils the eligibility criteria and complies with the requirements and adheres to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore, urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard.

18. ऑन-लाइन आवेदन में यदि कोई सूचना गलत/असत्य/अपूर्ण पाई गई, तो अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जाएगा ।

If any information furnished in the on-line application is found wrong/false/incomplete, the candidate will not be called for interview.

मात्र तकनीकी पूछताछ हेतु Only for Technical Queries	079 26912091
सामान्य पूछताछ हेतु For General Inquiry	**079 269130**24

ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 17/11/2017 तथा डाक द्वारा आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्ति की अंतिम तिथि 30/11/2017 -है।

The last date for online application is 17/11/2017 & receipt of hard-copy of application by post is 30/11/2017

नवीनतम अद्यतन के लिए हमारी सैक वेबसाइट www.sac.gov.in देखें।

Visit SAC website www.sac.gov.in from time to time for latest update.